बगैर निबंधन निर्माण पर 10 बिल्डरों को रेरा का नोटिस

रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने अनियमितता पर उठाया कदम

08 से अधिक फ्लैट बनाकर बिक्री करने वाले बिल्डरों के लिए निबंधन जरूरी

05 साल में कितने प्रोजेक्ट्स की डील की, उनके प्रमोटर्स कौन थे, बताना होगा

राज्य ब्यूरो, पटना : रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) बिहार ने बगैर निबंधन अपार्टमेंट बनाने वाले दस बिल्डरों पर सोमवार को शिकंजा कस दिया। रेरा के प्रावधान के अनुसार हर वह व्यक्ति जो पांच कट्ठा से अधिक जमीन की बिक्री करता है या अपार्टमेंट में आठ से अधिक फ्लैट बनाकर बेचता है उसे निबंधन कराना होगा। रेरा के सदस्य आरबी सिन्हा ने बताया कि अगर प्लॉट पांच कट्ठे का ही हो और उसमें पांच व्यक्ति को एक-एक कट्ठा जमीन बेची गई, तब भी कारोबारी निबंधन के दायरे में आएंगे। बड़ा प्लॉट खरीदकर या एग्रीमेंट कराकर उसकी प्लॉटिंग करने वाले इसके दायरे में लिए गए हैं। रेरा ने निबंधन नहीं कराने वाले रीयल इस्टेट एजेंटों के खिलाफ जुर्माना का भी प्रवधान किया है।



रेरा अवैध कारोबार करने वाले डीलरों, बिल्डर्स और डेवलपर्स पर शिकंजा कसने के लिए रजिस्ट्री ऑफिस, कंपनी रजिस्ट्रार, बैंक और वित्तीय संस्थाओं को पत्र लिखकर प्रतिबंधित करने का निर्देश दे चुका है। फिर भी बिल्डर धड़ल्ले से कायदे-कानून की अनदेखी करने में जुटे हैं। प्लॉट और फ्लैट का कारोबार करने वाले एजेंटों को भी रेरा में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रेरा में रजिस्ट्रेशन को दिए आवेदन में बिल्डर्स को यह भी बताना होगा कि पिछले पांच साल के दौरान उसने कितने रियल इस्टेट प्रोजेक्ट्स की डील की और उनके प्रमोटर्स कौन थे।

इन पर कसा शिकंजा

शालिमार माइलस्टोन इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, रिभया रेजिडेंसी, बेली रोड पटना, शालिमार माइलस्टोन इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, शालिमार रेनबो हाइट्स, बेली रोड, पटना, शामिलमार माइलस्टोन इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड, लेडीइमाम, अलीनगर, अनिसाबाद, पटना, मुस्कान कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, शिवराज प्लाजा, वेस्ट चर्च रोड, गया, कबीर कॉलोनाइज एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिडेट, कबीर शाइन सिटी, पटना एम्स के निकट, डीपीएम इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, डीपीएम धनराज विला, बाजार समिति गोला रोड, डीपीएम इंफ्रास्ट्रक्चर हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, डीपीएम पर्ल, दानापुर, डीपीएम इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, डीपीएम कमला हेरिटेज, दानापुर, एसपीएजी इंफ्रा बिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, ग्रेटर ग्रीन सिटी, बबुरा कोइलवर, बादल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, बादल सिटी, दीघा घाट, आशियाना दीघा रोड, पटना है।

साथ लेकर